# 12 राजस्थान के अन्य महत्वपूर्ण राजवंश

1. किशनगढ़ के संस्थापक किशन सिंह को किस मुगल बादशाह द्वारा 'महाराजा' की उपाधि प्रदान की गई थी?
(1) अकबर (2) शाहजहां
(3) जहांगीर (4) औरंगजेब (3)

2. रूठी रानी के नाम से प्रसिद्ध उमादे जैसलमेर के किस शासक की पुत्री थी?
(1) देवराज भाटी (2) राव लूणकरण
(3) शालिवाहन (4) जवाहर सिंह (2)

**व्याख्या–** उम्मादे का विवाह जोधपुर के राव मालदेव के साथ हुआ था।

3. किस शिलालेख में वशिष्ठ मंत्रबल से आबू के अग्नि कुण्ड से धुमराज परमार को उत्पन्न किया?
(1) पाटनारायण का लेख (2) घटियाला का लेख
(3) बिजौलिया का लेख (4) चिरवा का लेख (1)

**व्याख्या–** सिरोही के गिरवर गाँव के निकट पाटनारायण के मन्दिर में लगे इस संस्कृत लेख का आशय यह है कि वशिष्ठ ने मंत्रबल से आबू के अग्नि कुण्ड से धुम्रराज परमार को उत्पन्न किया। इसी कुल में धारावर्ष उत्पन्न हुआ, जो एक तीर से तीन भैंसों को बेध देता था।

4. शेखावाटी के पाँच प्रमुख ठिकाने, जो पंचपाणे कहलाते थे। निम्न में से कौनसा इनमें शामिल नहीं था?
(1) नवलगढ़ (2) मुकुन्दगढ़
(3) बिसाऊ (4) मलसीसर (2)

**व्याख्या–** पंचपाणे– बिसाऊ, डूँडलोद, मंडावा, मलसीसर व नवलगढ़।

5. आबू के परमार वंश का संस्थापक कौन था?
(1) धरणीवराह (2) धूमराज
(3) महिपाल (4) धन्धुक परमार (2)

**व्याख्या–** आबू के परमार वंश का संस्थापक धूमराज था, लेकिन इनकी वंशावली उत्पलराज से आरंभ होती है। आबू के परमारों की राजधानी चन्द्रावती (सिरोही) थी।

6. राजस्थान के एकीकरण के समय करौली के शासक कौन थे?
(1) गणेशपाल (2) भंवरपाल
(3) जयपाल (4) अर्जुनपाल (1)

7. किस शासक के समय जैसलमेर का दूसरा साका हुआ था?
(1) मूलराम प्रथम (2) रावल दूदा
(3) रावल घड़सी (4) जैतसिंह द्वितीय (2)

**व्याख्या–** रावल दूदा के समय जैसलमेर पर फिरोजशाह तुगलक का आक्रमण हुआ था, जिसमें रावल दूदा व उसका भाई त्रिलोकसी व अन्य भाटी भी लड़ते हुए वीरगति को प्राप्त हुए तथा महिलाओं ने जौहर किया।

8. महाराव शेखा ने स्वयं को स्वतंत्र घोषित कर एक अलग शेखावाटी रियासत की स्थापना की, इसकी राजधानी थी?
(1) सीकर (2) फतेहपुर
(3) अमरसर (4) मनोहरपुरा (3)

**व्याख्या–** महाराव शेखा ने अमरसर (जयपुर ग्रामीण) को 1469 ई. में अपनी राजधानी बनाया।

9. लोद्रवा के शिलालेख (1157 ई.) से किस राजवंश के राजाओं के संबंध में जानकारी मिलती है?
(1) कच्छवाहा (2) राठौड़
(3) भाटी (4) गुहिल (3)

10. जैसलमेर के प्रथम साके के समय महारावल मूलराज पर किस आक्रमणकारी ने आक्रमण किया था, जिसमें सैकड़ों राजपूतों ने केसरिया व राजपूत वीरांगनाओं ने जौहर किया था?
(1) फिरोज तुगलक (2) अमीर अली
(3) अलाउद्दीन खिलजी (4) बहादुरशाह (3)

**व्याख्या–** अलाउद्दीन की सेना के लगातार घेरे के कारण किले में खाद्यान्न की कमी हो गई। अंततः भाटियों ने केसरिया करने का निश्चय किया और महिलाओं ने जौहर किया। शासक मूलराज प्रथम व उसके भाई कुँवर रतनसी लड़ते हुए वीरगति को प्राप्त हुए। इस प्रकार 1311 ई. में जैसलमेर का प्रथम साका हुआ।

11. डूँगरपुर में गैपसागर तालाब का निर्माण किस शासक द्वारा करवाया गया?
(1) गोपीनाथ (2) आसकरण
(3) उदयसिंह (4) गंगादास (1)

12. जैसलमेर के किस महारावल के शासनकाल में प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी सागरमल गोपा को (4 अप्रैल, 1946) जेल में जिंदा जला दिया था?
(1) महारावल गिरधर सिंह (2) महारावल शालीवाहन द्वितीय
(3) महारावल गुमानसिंह (4) महारावल जवाहर सिंह (4)

13. थार की वैष्णो देवी कही जाने वाली तनोट माता का मन्दिर जैसलमेर के किस शासक द्वारा बनवाया गया था?
(1) केहर (2) तणु
(3) मंगलराव (4) मांडनराव (2)

**व्याख्या–** केहर के उत्तराधिकारी तणु ने तनोट दुर्ग का निर्माण पूरा करवाया तथा तनोट को राजधानी बनाया। इसने तनोट माता का मन्दिर भी बनवाया।

14. निम्न में से भटनेर (हनुमानगढ़) किले का निर्माण किसके द्वारा करवाया गया?
(1) भट्टी (2) भूपत भाटी
(3) मांडनराव (4) मंगलराव (2)

**व्याख्या–** भट्टी के पुत्र राजा भूपत भाटी ने 285 ई. के आसपास भटनेर के किले का निर्माण करवाया और उसे अपनी राजधानी बनाया।

15. जैसलमेर में 'रत्लेश्वर महादेव व 'सूर्य मन्दिर' का निर्माण किस शासक द्वारा करवाया गया है?
(1) रावल रतनसिंह (2) रावल जैतसिंह द्वितीय
(3) बैरीसिंह (4) महारावल वैरीशाल (3)

व्याख्या– रावल बैरीसिंह ने 1441 ई. में अपनी पत्नी रत्ना के नाम से रत्लेश्वर महादेव मन्दिर व रानी सूर्य कंवर के नाम से 'सूर्य मन्दिर' का निर्माण करवाया।

16. 1857 की क्रांति के समय किशनगढ़ के शासक निम्न में से कौन थे?
(1) कल्याणसिंह (2) बिडद सिंह
(3) पृथ्वीसिंह (4) सुमेर सिंह (3)

17. राजपूताना का कौनसा दुर्ग ढाई साकों के लिए प्रसिद्ध है?
(1) चित्तौड़गढ़ दुर्ग (2) गागरोन दुर्ग
(3) जालौर दुर्ग (4) जैसलमेर दुर्ग (4)

18. जैसलमेर रियासत को विश्व का आठवां आश्चर्य किसने कहा है?
(1) महात्मा गांधी (2) जवाहरलाल नेहरू
(3) वल्लभ भाई पटेल (4) भीमराव अम्बेडकर (2)

19. ब्रिटिश सरकार ने 1911 ई. में प्रतापगढ़ के किस शासक को 'नाइट कमांडर ऑफ द इण्डियन एम्पायर' की उपाधि दी थी?
(1) रावत रघुनाथसिंह (2) रावत हरिसिंह
(3) रावत सालिम सिंह (4) रावत रामसिंह (1)

20. डूँगरपुर के किस महारावल को शाहजहां ने माही मरातिब की उपाधि दी थी?
(1) महारावल मानसिंह (2) महारावल पुंजराज
(3) सहसमल (4) आसकरण (2)

21. कवि सोमेश्वर आबू के किस परमार शासक के दरबारी कवि थे, जिन्होंने 'कीर्ति कौमुदी' रचना की–
(1) धन्धुक परमार (2) कृष्णदेव
(3) धरणीवराह (4) धारावर्ष परमार (4)

22. डूँगरपुर के किस शासक ने अंग्रेजों से सहायक संधि की थी?
(1) महारावल फतह सिंह (2) जसवंत सिंह प्रथम
(3) जसवंत सिंह द्वितीय (4) महारावल रायसिंह (3)

व्याख्या– 11 दिसम्बर, 1818 ई. को जसवंत सिंह द्वितीय ने सर जॉन मालकम के साथ एक संधि पर हस्ताक्षर कर ईस्ट इंडिया कम्पनी से संधि कर ली थी।

23. 1857 की क्रान्ति के दौरान प्रतापगढ़ के शासक कौन थे?
(1) रावत उदयसिंह (2) रावत रघुनाथसिंह
(3) रावत दलपति सिंह (4) रावत सामन्त सिंह (3)

व्याख्या– 1857 की क्रांति के दौरान रावत दलपत सिंह ने अंग्रेजों का सहयोग किया जिसके फलस्वरूप उन्हें 2,000 रु. की खिलअत, गोद लेने का अधिकार व 15 तोपों की सलामी दी गई।

24. डूँगरसिंह ने राजधानी बड़ौदा से हटाकर किस स्थान पर नई राजधानी बनाई?
(1) प्रतापगढ़ (2) डूँगरपुर
(3) बाँसवाड़ा (4) उदयपुर (2)

व्याख्या– सामंतसिंह ने 1178 ई. में वागड़ क्षेत्र गुहिल वंश की स्थापना की व वटप्रदक (बड़ौदा) को अपनी राजधानी बनाया।

25. महारानी प्रेमल देवी डूँगरपुर के किस शासक की पत्नी थी, जिसने यहाँ 'नौलखा बावड़ी' का निर्माण करवाया था?
(1) उदयसिंह (2) आसकरण
(3) महारावल मानसिंह (4) सोमदास (2)

व्याख्या– महारानी प्रेमल देवी ने डूँगरपुर में 1586 ई. में नौलखा बावड़ी का निर्माण करवाया था।

26. अलवर के किस शासक ने भरतपुर के जवाहर सिंह के खिलाफ माण्डवा–मंढौली के युद्ध में जयपुर के माधोसिंह की सहायता की थी?
(1) प्रतापसिंह (2) बख्तावर सिंह
(3) कल्याणसिंह (4) जयसिंह (1)

व्याख्या– 1767 ई. में माण्डवा–मंढौली के युद्ध में भरतपुर के शासक जवाहर सिंह के खिलाफ प्रतापसिंह ने जयपुर के सवाई माधोसिंह को सहायता प्रदान की थी। इस लड़ाई के बाद प्रतापसिंह ने अलवर का दुर्ग व कुछ क्षेत्र जाटों से छीन लिया था।

27. डूँगरपुर का कौनसा शासक 'पाता रावल' नाम से प्रसिद्ध हुआ, जिसने पोतला तालाब व पोतला द्वार बनवाया था?
(1) कान्हड़देव (2) गोपीनाथ
(3) प्रतापसिंह (4) महारावल पुंजराज (3)

व्याख्या– प्रतापसिंह द्वारा यहाँ प्रतापपुरा कस्बा भी बसाया गया।


28. मुहम्मद गौरी ने करौली के किस शासक को हराकर तिमनगढ़ दुर्ग पर अधिकार कर लिया था?
(1) विजयपाल (2) धर्मपाल द्वितीय
(3) कुंवरपाल (4) धर्मपाल (3)


व्याख्या– तिमनगढ़ दुर्ग का निर्माण तिमनपाल ने करवाया था।

29. जैसलमेर के भाटी स्वयं को किस भगवान का वंशज मानते हैं?
(1) श्रीराम (2) श्रीकृष्ण
(3) कुश (4) एकलिंगजी (2)

30. प्रथम विश्वयुद्ध के दौरान जैसलमेर के शासक कौन थे जिन्होंने ब्रिटिश सरकार को 10 लाख रुपए की आर्थिक सहायता दी थी?
(1) महारावल मनोहरदास (2) महारावल सबल सिंह
(3) महारावल अमरसिंह (4) महारावल जवाहरसिंह (4)

# राजस्थान की सभी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए सर्वश्रेष्ठ पुस्तकें –







टेलीग्राम से जुड़ने के लिए

@DHINDHWAL2023GK

– Dhindhwal Publication

– धींधवाल पब्लिकेशन

– Dhindhwal Classes

– @Publication-DP

– Dhindhwal Publication

धींधवाल पब्लिकेशन की उपरोक्त पुस्तकें राजस्थान के सभी शहरों में प्रमुख बुक स्टोर पर उपलब्ध है। ऑनलाईन ऑर्डर कर घर बैठे मंगवाने के ल्एि मोबाईल नंबर 7725969600 (कानाराम जी) पर फोन या वाट्सअप मैसेज करें।